# दूसरे टी20 में भारत की नजर जीत की लय बरकरार रखने पर

अभिषेक से फिर धमाका, संजू-ईशान से बड़ी पारी की उम्मीद

पहले टी20 में जीत से टीम इंडिया का आत्मविश्वास ऊंचा

- विश्व कप से पहले सूर्या की फॉर्म और गेंदबाजों पर रहेगी नजर
- ओस और पिच की भूमिका मैच में बन सकती है अहम फैक्टर

**रायपुर, 22 जनवरी. पहले टी20 में शानदार जीत से उत्साहित भारतीय टीम शुक्रवार को रायपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जाने वाले दूसरे टी20 मुकाबले में अपनी जीत की लय बरकरार रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी. नागपुर में 48 रन से मिली बड़ी जीत ने टीम इंडिया का मनोबल काफी बढ़ा दिया है और अब टीम सीरीज में बढ़त मजबूत करने की कोशिश करेगी. इस मुकाबले में एक बार फिर सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा से तूफानी पारी की उम्मीद होगी, जबकि संजू सैमसन और ईशान किशन पर भी खास नजरें रहेंगी.**

पहले टी20 में अभिषेक शर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए शानदार पारी खेली थी, जिससे भारत ने बड़ा स्कोर खड़ा किया. उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती साबित हुई थी. मौजूदा फॉर्म को देखते हुए टीम प्रबंधन को एक बार फिर उनसे तेज शुरुआत की उम्मीद है. विश्व कप से पहले अभिषेक का यह प्रदर्शन भारत के लिए बेहद सकारात्मक संकेत माना जा रहा है.




हालांकि, पहले मैच में संजू सैमसन और ईशान किशन बल्ले से कुछ खास नहीं कर सके थे. दोनों बल्लेबाजों के लिए यह मुकाबला खुद को साबित करने का अहम मौका होगा. संजू सैमसन पिछले कुछ समय से टीम में अंदर-बाहर होते रहे हैं, लेकिन टी20 विश्व कप से पहले उन्हें लंबा मौका मिलने की संभावना है. ऐसे में उनसे एक बड़ी और जिम्मेदार पारी की उम्मीद की जा रही है.

ईशान किशन को भी टीम प्रबंधन का भरोसा जीतना होगा. पहले मैच में उन्होंने अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन उसे बड़ी पारी में नहीं बदल सके. उनकी आक्रामक शैली टीम के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है, बशर्ते वह संयम के साथ बल्लेबाजी करें. अगर संजू और ईशान दोनों लय में आते हैं, तो भारत का शीर्ष क्रम और मजबूत हो जाएगा. कप्तान सूर्यकुमार यादव का फॉर्म भी टीम के लिए अहम रहेगा. हालांकि पहले मैच में वह बड़ा स्कोर नहीं बना सके, लेकिन उनकी 32 रनों की पारी ने आत्मविश्वास बढ़ाया है. विश्व कप से पहले सूर्या का लय में आना भारत के लिए बेहद जरूरी माना जा रहा है. टीम को उनसे एक जिम्मेदार कप्तानी पारी की उम्मीद होगी.

## मुझे अपने कुछ चुनिंदा शॉट्स पर पूरा भरोसा है : अभिषेक

**नागपुर.** न्यूजीलैंड के विरुद्ध पहले टी-20 मैच में 35 गेंदों में 84 रनों की विस्फोटक पारी खेलने वाले भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि उन्हें अपने कुछ चुनिंदा शॉट्स पर ही पूरा भरोसा हैं. मैच के बाद अपनी रणनीति को लेकर अभिषेक ने कहा, 'जब आप विपक्षी गेंदबाजो के वीडियो खंगालते हैं या अपनी बल्लेबाजी का विश्लेषण करते हैं, तो आपको अंदाजा हो जाता है कि सामने वाली टीम क्या रणनीति बनाए और मुझे अपने रन कहां बनाने हैं. सच कहूं तो मैं अपने गिने-चुने शॉट्स पर ही यकीन करता हूं क्योंकि मेरे पास वैरायटी बहुत अधिक नहीं है. बस कुछ खास स्ट्रोक्स हैं जिनकी मैं जी-तोड़ अभ्यास करता हूं और मैदान पर उन्हें ही आजमाता हूं. 'उन्होंने अपनी तकनीक को लेकर कहा, 'मैं अधिकतर पावर हिटिंग का प्रयास नहीं करता क्योंकि मुझमें वैसी शारीरिक ताकत नहीं है. मेरी बल्लेबाजी मुख्य रूप से टाइमिंग के भरोसे चलती है. मेरे लिए सबसे अहम यह है कि मैं गेंद की लाइन पर नजर रखूं और माहौल को समझूं. चूंकि हम फ़िलहाल पूरे भारत में अलग-अलग जगहों पर खेल रहे हैं, तो परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाना बेहद आवश्यक हो जाता है. इसके लिए मैं मैच से पूर्व या नेट अभ्यास के दौरान ही अपनी रणनीति तैयार कर लेता हूं. विपक्षी गेंदबाजी की अपनी योजना होती है, इसलिए मेरे जेहन में हमेशा यह रहता है कि मैं अपने खेल और अपनी तैयारी पर पूरा भरोसा रखूं.'



# रणजी में गिल फ्लॉप, बंगाल मजबूत

**139** पर सिमटा पंजाब

**340** रन पर बंगाल



**नई दिल्ली, 22 जनवरी. रणजी ट्रॉफी 2025-26 का छठा राउंड गुरुवार से शुरू हुआ और पहले ही दिन घरेलू क्रिकेट में अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों जैसा रोमांच देखने को मिला. हाल ही में समाप्त हुई भारत-न्यूजीलैंड वनडे सीरीज़ के कई खिलाड़ी सीधे रणजी मैदान पर उतरे, जिससे मुकाबलों का स्तर और भी ऊंचा नजर आया. स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी के बीच पंजाब, सौराष्ट्र और बंगाल के मुकाबलों ने पहले दिन ही टूर्नामेंट को दिलचस्प बना दिया.**

सबसे ज्यादा चर्चा में रहा पंजाब और सौराष्ट्र के बीच खेला गया मुकाबला, जहां भारतीय टीम के युवा स्टार बल्लेबाज शुबमन गिल का बल्ला पूरी तरह खामोश रहा. गिल महज दो गेंदों का सामना कर शून्य पर आउट हो गए. उनके जल्दी आउट होने से पंजाब की पारी लड़खड़ा गई और पूरी टीम 40.1 ओवर में सिर्फ 139 रन पर सिमट गई.

**पंजाब की कमजोर बल्लेबाज़ी:** पंजाब की शुरुआत से ही खराब रही. गिल के आउट होने के बाद टीम दबाव में आ गई और कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका. मध्यक्रम भी सौराष्ट्र के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाया.

सौराष्ट्र की ओर से पार्थ भुट ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके. उन्होंने अपनी सटीक लाइन और लेंथ से पंजाब के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया. इसके अलावा धर्मेंद्रसिंह जडेजा और रविंद्र जडेजा ने भी दो-दो विकेट लेकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया.

पंजाब के लिए यह निराशाजनक प्रदर्शन रहा, खासकर तब जब टीम में अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव मौजूद था.

**जय गोहिल ने संभाली सौराष्ट्र की पारी:** जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सौराष्ट्र की टीम ने संयम के साथ खेलते हुए 47.1 ओवर में 172 रन बनाए. टीम की ओर से जय गोहिल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 117 गेंदों में 82 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली.

### ग्रुप सी में बंगाल का दबदबा

ग्रुप सी के मुकाबले में बंगाल की टीम ने पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया. सर्विसेज के खिलाफ बंगाल ने स्टंप्स तक 4 विकेट पर 340 रन बना लिए और मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली. टीम के अनुभवी बल्लेबाज सुदीप चटर्जी ने बेहतरीन शतक जमाया. उन्होंने 226 गेंदों में 140 रन बनाए, जिसमें 12 चौके शामिल रहे. उनकी पारी तकनीकी रूप से मजबूत और मानसिक रूप से बेहद संतुलित रही. वहीं, अभिमन्यु ईश्वरन ने भी जिम्मेदारी निभाते हुए 152 गेंदों में 81 रन की अहम पारी खेली. दोनों बल्लेबाजों की साझेदारी ने बंगाल को बड़े स्कोर की ओर अग्रसर किया.

# तेंदुलकर ने नेहवाल की विरासत की तारीफ की

**नई दिल्ली, 22 जनवरी क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने ओलंपिक मेडलिस्ट सायना नेहवाल के कॉम्पिटिटिव बैडमिंटन से रिटायरमेंट के बाद उन्हें सम्मान देते हुए कहा कि भारतीय बैडमिंटन को ग्लोबल स्टेज पर ले जाने और आखिरकार युवा एथलीटों की पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए उनका योगदान अभूतपूर्व है.**

एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए, तेंदुलकर ने कहा, 'प्रिय सायना, आपका करियर इस बात का सबूत है कि महानता एक बार में एक दिन, धैर्य, साहस और लगातार कोशिशों से बनती है.'




उन्होंने पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 को भारतीय बैडमिंटन को ग्लोबल स्टेज पर ले जाने और यह साबित करने का क्रेडिट दिया कि जब विश्वास, तैयारी के साथ मिल जाए, तो किसी भी खेल का रास्ता बदल सकता है.

तेंदुलकर ने लिखा, 'मेडल्स से परे, आपकी सबसे बड़ी विरासत वह प्रेरणा है जो आपने अनगिनत युवा एथलीटों को बड़े सपने देखने और यह विश्वास करने के लिए दी है कि ग्लोबल सफलता संभव है.' उन्होंने कोर्ट पर उनकी उपलब्धियों के साथ-साथ कोर्ट के बाहर सायना के प्रभाव को भी रेखांकित किया.

## अटल, रसूली का अर्धशतक, मुजीब की हैट्रिक से अफगान ने जीती सीरीज

**दुबई.** अफगानिस्तान ने दूसरे अंतरराष्ट्रीय टी-20 में वेस्टइंडीज पर 39 रन की शानदार जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली. सेदिकुल्लाह अटल और दरवेश रसूल के अर्धशतकीय पारियों की मदद से अफगानिस्तान ने चार विकेट पर 189 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया, जिसके बाद मुजीब उर रहमान ने चार विकेट लेकर वेस्टइंडीज के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया, जिसमें एक हैट्रिक भी शामिल थी. पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान को पावरप्ले में ही दोनों सलामी के आउट होने से झटका लगा.

# गावस्कर ने वरुण के आत्मविश्वास को सराहा

**नागपुर, 22 जनवरी भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने नागपुर में पहले टी20 में न्यूज़ीलैंड पर भारत की जीत के बाद वरुण चक्रवर्ती के शांत स्वभाव और बॉडी लैंग्वेज की तारीफ की, और कहा कि इस मिस्ट्री स्पिनर का बढ़ता कॉन्फिडेंस मेजबान टीम के लिए एक बड़ी पॉजिटिव बात थी।**

जियो स्टार पर बात करते हुए, गावस्कर ने माना कि वरुण 'थोड़े जंग खाए हुए' लग रहे थे, लेकिन उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि यह समझ में आता है। गावस्कर ने कहा, 'उन्होंने दो विकेट लिए, और जब बैट्समैन पूरी जान लगा देते हैं, तो इकॉनमी रेट भी काफी अच्छा था।' 'ज़रूरी बात यह है कि उनकी बॉडी लैंग्वेज अच्छी थी।'



गावस्कर ने बताया कि, अपने करियर के पहले के दौर के उलट, वरुण कुछ बाउंड्री लगने के बाद भी परेशान नहीं दिखे। उन्होंने आगे कहा, 'अक्सर, जब वह कुछ रन के लिए आउट होता है, तो उसकी बॉडी लैंग्वेज थोड़ी उदास हो सकती है। ऐसा नहीं हुआ। वह सीधे मार्क की ओर वापस जा रहा था और इस बात से परेशान नहीं दिख रहा था कि उसे कुछ छक्के लगे थे, और यह हमेशा एक बहुत अच्छा संकेत होता है।'

## एक नजर में






### बंगलादेश के खेल सलाहकार राष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ करेंगे बैठक

**ढाका.** बंगलादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल गुरुवार को विश्वकप में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी को लेकर मौजूदा स्थिति पर विचार-विमर्श के लिए राष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ बैठेंगे. बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने क्रिकबज को यह जानकारी दी है. ऐसा माना जा रहा है बैठक के दौरान आसिफ नजरुल क्रिकेटर्स के विचार भी सुनेंगे. वह संकट को हल करने के लिए संभावित कदमों पर भी चर्चा करेंगे. इससे पहले, बंगलादेश के टी-20 कप्तान लिटन कुमार दास ने कहा था कि भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के दौरान उनकी सहमति नहीं ली गई थी. खिलाड़ियों को इंटरकॉन्टिनेंटल होटल में अपराह्न 15 बजे होने वली बैठक में शामिल होने के लिए कहा गया है. सरकार उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के बंगलादेश के मैचों को श्रीलंका में शिफ्ट करने के अनुरोध को खारिज करने के फैसले के बाद आगामी टी-20 विश्वकप में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी के संबंध में अपनी स्थिति के बारे में बताना चाहती है

### केन के दो गोल से बायर्न ने चैंपियंस लीग में मेंरॉयल यूनियन सेंट-गिलोइस को हराया

**बर्लिन.** आखिरी 30 मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही बायर्न म्यूनिख ने हैरी केन ने दूसरे हाफ में किए गये दो गोल की बदौलत रॉयल यूनियन सेंट-गिलोइस पर 2-0 से जीत हासिल दर्ज की. बुधवार को खेले गये मुकाबले में बायर्न ने अच्छी शुरुआत की और दूसरे ही मिनट में बढ़त बनाने के करीब पहुंच गया जब लुइस डियाज़ एरिया में घुसे और केन को पास दिया, लेकिन यूनियन के गोलकीपर केजेल शेर्पन ने शानदार बचाव किया. दोनों टीमें कई प्रयासों के बावजूद पहले हाफ में गोल करने में विफल रहीं. ब्रेक के बाद बायर्न के लिए केन ने 52वें मिनट में हेडर से गोल किया और तीन मिनट बाद उसने पेनल्टी को गोल में बदलकर बढ़त को दोगुना कर दिया. बायर्न का कंट्रोल तब मुश्किल में पड़ गया जब 63वें मिनट में किम मिन-जे को दूसरा पीला कार्ड मिलने पर बाहर भेज दिया गया. यूनियन ने आगे बढ़ने का प्रयास करते हुए मौके बनाने के लिए संघर्ष किया, जबकि बायर्न ने जवाबी हमला किया. केन लगभग हैट्रिक पूरी करने ही वाला था, लेकिन उसने देर से मिली पेनल्टी को क्रॉसबार पर मार दिया.

# महाराष्ट्र केसरी ने यूपी डॉमिनेटर्स को कड़े मुकाबले में हराया

**नोएडा, 22 जनवरी हर्षिता मोर ने निर्णायक क्षण में शानदार प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र केसरी को प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 के मैच 9 में यूपी डॉमिनेटर्स पर रोमांचक 5-4 की जीत दिलाई.**

नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए मैचडे सात के इस मुकाबले में महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में हर्षिता का शानदार फॉल निर्णायक साबित हुआ. इस जीत के साथ महाराष्ट्र केसरी चार अंकों और 14 बाउट जीत के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया. वहीं, करीबी हार के बावजूद यूपी डॉमिनेटर्स चार अंकों और बेहतर 16 बाउट जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है. हर्षिता मोर को प्लेयर ऑफ द मैच, जबकि यूपी डॉमिनेटर्स की अंडर-20 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियन तपस्या गहलावत को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया.




महाराष्ट्र केसरी की ओर से हेवीवेट वर्ग में कप्तान रॉबर्ट बारान ने जवाब दिया. बारान ने सटीक टेकडाउन और अंतिम चरण में निर्णायक एक्सपोजर के साथ जसपूरन सिंह को 10-2 से हराकर टीम को मुकाबले में वापस ला दिया. इसके बाद पुरुषों के 74 किग्रा वर्ग में यश ने संयमित और नियंत्रित प्रदर्शन किया. पुश-आउट्स और एक्टिविटी पॉइंट्स का लाभ उठाते हुए उन्होंने अंतिम क्षणों में टेकडाउन कर 5-2 से जीत दर्ज की और स्कोर बराबर कर दिया.

यूपी डॉमिनेटर्स ने मुकाबले की मजबूत शुरुआत की. पुरुषों के 86 किग्रा वर्ग में मिखाइलोव वासिल ने अमित के खिलाफ शुरुआती बढ़त बनाई. एक शुरुआती पुश-आउट गंवाने के बाद वासिल ने लगातार टेकडाउन और टर्न-एंड-एक्सपोजर के जरिए पहले पीरियड में नियंत्रण हासिल किया और दूसरे पीरियड में बढ़त बनाए रखते हुए 15-3 से आसान जीत दर्ज की.

# जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे राउंड में जगह बनाई

**मेलबर्न, 22 जनवरी. सर्बिया के दिग्गज नोवाक जोकोविच ने गुरुवार को इटली के फ्रांसेस्को मास्ट्रेली को सीधे सेटों में हराकर 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे राउंड में जगह बनाई.**

आज यहां रॉड लेवर एरिना में खेले गये मुकाबले में सर्बियाई चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जोकोविच को एकल में 6-3, 6-2, 6-2 से जीत हासिल करने में कोई परेशानी नहीं हुई. उन्होंने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बनाकर कोर्ट पर अपना दबदबा बनाया. मास्ट्रेली ने कुछ प्रतिरोध दिखाया, कई ब्रेक पॉइंट बचाए और शक्तिशाली सर्व और तीन ऐस लगाकर जोकोविच को सेट के लिए सर्व करने पर मजबूर किया. दूसरे सेट में भी पैटर्न वैसा ही रहा, जोकोविच ने 3-2 के बाद बढ़त बनाई और 6-2 से सेट जीत लिया.



तीसरे सेट में, जोकोविच ने मुकाबले पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली, एक तनावपूर्ण पांचवें गेम में सर्व ब्रेक करके 4-1 से आगे हो गए.

**खिताबी दौड़** सऊदी प्रो लीग में अल नास्र की अहम जीत, टॉप रेस में बरकरार उम्मीद

# रोनाल्डो के गोल से अल नास्र ने दमाक को 2-1 से हराया

- दमाक की देर से वापसी, लेकिन बराबरी से चूका मौका
- 41 साल की उम्र में भी रोनाल्डो का जलवा कायम

**अब्हा, 22 जनवरी. सऊदी प्रो लीग 2025-26 के एक रोमांचक मुकाबले में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के निर्णायक गोल की बदौलत अल नास्र ने दमाक को 2-1 से हराकर महत्वपूर्ण तीन अंक हासिल किए. यह मुकाबला प्रिंस सुल्तान बिन अब्दुल अजीज स्टेडियम में खेला गया, जहां अल नास्र ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए मैच पर अपना नियंत्रण बनाए रखा. इस जीत के साथ अल नास्र ने खिताबी दौड़ में खुद को बनाए रखा है.**

लगातार कुछ मुकाबलों में कमजोर प्रदर्शन के बाद अल नास्र इस मैच में जीत के इरादे से उतरा था. शुरुआती मिनटों से ही टीम ने तेज पासिंग और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया. इसका नतीजा पांचवें मिनट में देखने को मिला, जब किंग्सले कोमान के शानदार क्रॉस पर अब्दुलरहमान घरीब ने संयम के साथ गेंद को गोल में पहुंचाकर टीम को बढ़त दिला दी.

इस शुरुआती गोल के बाद अल नास्र का आत्मविश्वास और बढ़ गया. जोआओ फेलिक्स और रोनाल्डो की जोड़ी ने दमाक की रक्षा पंक्ति पर लगातार दबाव बनाए रखा. दसवें मिनट में रोनाल्डो के हेडर को गोलकीपर ने शानदार तरीके से रोक लिया. इसके बाद फेलिक्स को भी दो अच्छे मौके मिले, लेकिन वह उन्हें भुना नहीं सके. पहले हाफ में अल नास्र ने गेंद पर पकड़ बनाए रखी और अधिकतर खेल दमाक के हाफ में ही खेला गया. हालांकि, कई मौके बनाने के बावजूद टीम केवल एक ही गोल कर सकी. दमाक की टीम पहले हाफ में रक्षात्मक रवैया अपनाए रही और जवाबी हमलों के जरिए मौका तलाशती रही.




दूसरे हाफ के 50वें मिनट में जोआओ फेलिक्स के सटीक पास पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने शानदार फिनिश करते हुए टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी.

गोल के बाद रोनाल्डो का प्रसिद्ध जश्न दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा. इसके बाद अल नास्र ने खेल की गति को नियंत्रित करने की कोशिश की. हालांकि, दमाक ने हार नहीं मानी और मैच में वापसी का प्रयास किया. 70वें मिनट के आसपास दमाक को कॉर्नर से गोल करने का मौका मिला, जिसे जमाल हार्कास ने भुनाते हुए स्कोर 2-1 कर दिया. इस गोल के बाद मुकाबला रोमांचक हो गया और दमाक ने बराबरी के लिए पूरा जोर लगा दिया. अंतिम 15 मिनटों में दमाक ने लगातार हमले किए और लंबे पास तथा क्रॉस के जरिए अल नास्र की रक्षा को चुनौती दी. लेकिन अल नास्र के डिफेंडरों ने संयम और अनुभव के साथ सभी प्रयासों को विफल कर दिया. रोनाल्डो भी पीछे आकर टीम की मदद करते नजर आए, जिससे उनके नेतृत्व की झलक मिली. अंततः रेफरी की अंतिम सीटी के साथ अल नास्र ने 2-1 से जीत दर्ज की. यह जीत टीम के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली साबित हुई. इस जीत के बाद अल नास्र अंक तालिका में शीर्ष पर मौजूद अल हिलाल से चार अंक पीछे बना हुआ है.